# ब्लैकमेल व बदनाम करने की धमकी के डर से महंत ने रची अपहरण की साजिश

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला के निकट दूदेश्वर महादेव मठ वालेरा के मठाधीश का 1 जुलाई को हुए अपहरण प्रकरण का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। महंत ने अपहरण की झूठी साजिश रची थी। महंत ने रविवार रात को रेवदर के आबकारी पुलिस थाने में जाकर आपबीती बताई। पुलिस ने रविवार देर रात को जालोर कोतवाली थाने ले आई।

जालोर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व जालोर एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जेनिया ने प्रेस वार्ता कर बताया कि महंत पारसभारती के अपहरण प्रकरण में महंत को नागेंद्रसिंह पुरोहित निवासी जेठंतरी जिला बाड़मेर, अभयसिंह पुरोहित निवासी जसोल-बाड़मेर, छतरसिंह पुरोहित निवासी इंद्राणा बाड़मेर, महावीर घांची निवासी कनाना बाडमेर व जोगसिंह पुरोहित निवासी जेठंतरी द्वारा अपने पास महंत का कोई गलत वीडियो होने की बात कह कर ब्लैकमेल कर रुपयों की मांग की जा रही थी। इन बदमाशों द्वारा ब्लैकमेल करने व बदनाम करने की धमकी देने के भय से छुटकारा पाने के लिए महंत द्वारा अपहरण की झूठी कहानी रची गई।

इसमें मोवनाराम मेघवाल निवासी वालेरा, भवाराम उर्फ भूपेंद्र मेघवाल निवासी वालेरा व सुजाराम मेघवाल निवासी मेंगलवा का सहयोग लेकर महंत वालेरा मठ के निकट स्थित कांखीरोड में जागरण के लिए निकले। यहां महंत ने सड़क पर अपनी कार को छोडकर कार में अपना साफा, गमछा



पारस भारती मंहत वालेरा मठ

व जूते रख दिए तथा मेन कांच को लठ मारकर तोड दिया। इसके बाद महंत अपनी पहचान वालों के सहयोग सिरोही जिले के पोसींद्रा में तीन दिन तक धर्मनाथ महादेव मंदिर में रुके। इसके बाद 3 जुलाई की रात्रि में वे रेवदर स्थित आबकारी थाने में पहुंचे, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए जालोर पुलिस जालोर लेकर आई।

## कबूली अपहरण रचने की झूठी कहानी

जालोर लाने के बाद पुलिस की ओर से महंत से गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपहरण की झूठी कहानी रचने की बात कबूली। पुलिस द्वारा महंत पारसभारती को ब्लेकमेल कर पैसे एंठने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ अलग से प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस को 1 जुलाई को रात्रि में महंत पारसभारती महाराज के अपहरण होने की सूचना मिली। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसपी अग्रवाला द्वारा पुलिस टीमों का गठन करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए गए। जालोर कलैक्टर निशांत जैन व एसपी अग्रवाला सहित जालोर, आहोर, भाद्राजून, बागरा, भीनमाल व बागोडा के थानाधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही घटनास्थल व आसपास के रूटों के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। घटनास्थल व वाहन का एफएसएल टीम व जिला एफओबी टीम द्वारा मुआयना करने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

पिछले तीन दिनों से अपहरण प्रकरण की गुत्थी सुलझाने में एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जेनिया, पुलिस उपअधीक्षक वृत्त जालोर हिम्मतसिंह चारण, सायला थानाधिकारी धुवप्रसाद, जालोर थानाधिकारी अरविंद कुमार, आहोर थानाधिकारी निरंजनप्रतापसिंह, भीनमाल थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह, बागोडा थानाधिकारी छतरसिंह, बागरा थानाधिकारी तेजूसिंह, भाद्राजून थानाधिकारी प्रतापसिंह, जिला स्पेशल टीम उपनिरीक्षक लालाराम व कंप्यूटर सेल कांस्टेबल छत्रपाल, त्रिलोकसिंह व किशनलाल की अहम भूमिका रही।




जालोर में मंहत पारस भारती के अपहरण मामले के राजफाश को लेकर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व ए.एस.पी. डॉ. अनुकृति उज्जेनिया ने प्रेसवार्ता की। फोटो-राष्ट्रदूत

## छात्रावास निर्माण व शिक्षा पर चर्चा

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर स्थित राजपूत समाज की श्री वीरमदेव शैक्षणिक संस्थान की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें श्री वीरमदेव संस्थान में बन रहे राजपूत बालिका छात्रावास निर्माण के बारे में चर्चा हुई । साथ ही बालिका शिक्षा का स्तर बढ़ाने के बारे में भी चर्चा हुई।

सदस्यों ने नए सत्र में छात्रावास प्रवेश एवं व्यवस्थाओं पर प्रस्ताव रखते हुए नियमित छात्रो को वरीयता से प्रवेश देने का निर्णय लिया साथ ही नियमित खेल चलाने हेतु योजना बनाई। छात्राओं के लिए बन रहे भवन निर्माण हेतु जिले भर से सभी की सहभागिता हेतु अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई जो जिले की सभी तहसीलों में पहुंच कर संस्थान के आजीवन सदस्य 15 अगस्त तक बन सकेंगे इस हेतु सहयोग प्राप्त करेंगे ।कार्यकारिणी ने संस्थान परिसर में सघन पौधारोपण अभियान चलाने की रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर सुमेर सिंह धानपुर, रूप सिंह राठौड़ नारणावास, हुकम सिंह कवला, अमर सिंह मेशपुरा, राजवीर सिंह नोसरा, चंदन सिंह सांडन ,जगतावार सिंह चांदना, भवानी सिंह धांधिया, भवर सिंह थलुंडा, सुख सिंह बादनवाड़ी, परबत सिंह पोसाणा , महेंद्र पाल सिंह पोसाणा, देवी सिंह रटुजा, दीप सिंह डुडसी , करण सिंह बावतरा, देवी सिंह रटुजा, विजय सिंह उन, जेठू सिंह पंचावना , दलपत सिंह तूरा, गोविंद सिंह रटुजा , गंगा सिंह नरसाणा, ईश्वर सिंह वासन आदि मौजूद थे।

श्री वीरमदेव शिक्षण संस्थान के परिसर में बालिका छात्रावास का कार्य चल रहा हैं । जब पूरा भवन बन कर तैयार होगा तब यहां पूरे जालोर जिले की राजपूत बालिकाएं छात्रावास में रह कर पढ़ाई कर सकेगी।

## सार-समाचार

### लोक अदालत के लिए प्री काउंसलिंग

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पक्षकारान के बीच प्री काउंसलिंग का कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर जालोर, तालुका विधिक सेवा समिति भीनमाल, सांचौर व रानीवाडा में लंबित दस लाख रूपये तक की राशि के धारा 138 एनआईएक्ट, आर्बिटेशन, वसूली आदि प्रकरणों में प्री काउंसलिंग का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रकरणों में पक्षकारान के मध्य समझाइश के लिए प्री काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने पक्षकारान से अपील की है कि उनके न्यायालय में लंबित चल रहे मामलों को लेकर बुलावा पत्र, नोटिस प्राप्त होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन, न्यायालय परिसर जालोर, तालुका विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर भीनमाल, तालुका विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर सांचौर एवं तालुका विधिक सेवा समिति रानीवाडा न्यायालय परिसर रानीवाडा में आवश्यक रूप से उपस्थित होवे ताकि आपका लंबित चल रहे मामले में दोनों पक्षों के बीच प्री काउंसलिंग कर मामले को जरिये राजीनामा निस्तारित किया जा सके। उन्होंने जिले के समस्त अधिवक्ताओं को भी आह्वान किया है कि वे प्री-काउंसलिंग कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें एवं पक्षकारान को उपस्थित होने एवं प्रकरण को समझौते के माध्यम से निस्तारित करने के लिए प्रेरित करें। सचिव ने बताया कि बैंक, वित्तीय संस्थानों की ओर से राशि में छूट दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर में पक्षकारान के बीच प्री काउंसलिंग करवाने के लिए पैनल अधिवक्ता सरदारखान खोखर, ओम प्रकाश व्यास, भंवरलाल सोलंकी सेवा दे रहे है।

### लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें : जैन

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने कहा कि अधिकारी संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करना सुनिश्चित करें। जिला कलैक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि परिवाद दर्ज होने के साथ ही संबंधित विभाग निवारण करने की दिशा में कार्य करते हुए नियत समय में परिवादी को राहत प्रदान करें। साथ ही परिवादी को कार्यवाही के संबंध में जानकारी साझा कर संतुष्ट किये जाने का प्रयास करें। उन्होंने 60 दिन से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा कर स्वास्थ्य, विद्युत, पीएचईडी, खनन, वन, सहकारिता, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, पंचायतीराज, बैंक, कॉलेज शिक्षा, उद्यानिकी व सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सभी विभागों को पोर्टल पर दर्ज विभिन्न परिवादों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। जिला कलैक्टर द्वारा बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री हैल्पलाईन, राइट-टू-सीएम पोर्टल, राज्यपाल कार्यालय इत्यादि से प्राप्त जिले से संबंधित परिवादों को देख विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, उप वन संरक्षक यादवेन्द्र सिंह चूण्डावत, सीएमएचओ डॉ.जी.एस.देवल, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ.आर.बी.सिंह, जिला रोजगार अधिकारी आनंद कुमार सुथार समेत अधिकारी-कार्मिक मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर निशांत जैन ने जिले में एनएच-325, एनएच-68 एवं एनएच-168 ए पर सर्वे कर चिन्हित किये गये ब्लॉक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर चर्चा कर सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने चरली व नरसाणा में चिन्हित किये गये स्थलों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण करवाने, साइन बोर्ड लगवाने, जेब्रा क्रॉसिंग इत्यादि उपाय करने के लिए एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में परिवहन, पुलिस व सार्वजनिक निर्माण विभाग समन्वय कर चिन्हित किये गये दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षात्मक उपाय करने की बात कही। बैठक में जिला कलैक्टर ने एनएच व स्टेट हाइवे से जुड़ रही मुख्य ग्रामीण सड़कों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, लाईटिंग इत्यादि की स्थिति पर सर्वे कर सुरक्षात्मक उपाय के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना करवाने के निर्देश दिये। जिला परिवहन अधिकारी जालोर नाथूसिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता,यातायात प्रभारी लीला चौधरी आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी स्कूल में विज्ञान संकाय

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) शिवाजी नगर जालोर में विज्ञान संकाय प्रारंभ किया गया है। प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से जालोर शहर स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर, जालोर में विज्ञान संकाय की स्वीकृति दी गई है जिसके अंतर्गत भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित विषय सम्मिलित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस सत्र में कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रियान्तर्गत पूर्व में सम्पन्न प्रवेश प्रक्रिया उपरांत भी रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के लिए 6 जुलाई तक विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर व्यक्तिश: अथवा शाला दर्पण के होम पेज से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। प्रवेश प्रभारी धीरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची 7 जुलाई को विद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी। प्राप्त आवेदनों को 8 जुलाई को लॉटरी प्रक्रिया में शामिल कर वरीयता सूची का निर्धारण किया जायेगा।

### स्नातक द्वितीय व तृतीय में प्रवेश 31 तक

**जालोर**, (कासं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,राज.जयपुर की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संदर्भ में जारी निर्देशो के अनुसार वी.वी.राज.स्ना.महाविद्यालय जालोर में स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय तथा स्नातकोत्तर उतरार्द्ध के लिए पूर्णत: अस्थाई प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया 31 जुलाई तक सम्पन्न होगी। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश नवीनीकरण का कार्य 1 से 31 जुलाई तक होगा और विद्यार्थियों को ई मित्र पर फीस 1 से 31 जुलाई तक जमा करवानी होगी। स्नातक प्रवेश प्रभारी पंकज कुमार तथा स्नातकोत्तर डॉ. हरिशचन्द्र ने बताया की स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय तथा स्नातकोत्तर उतरार्द्ध में ऑनलाईन/ऑफलाईन अध्यापन 1 जुलाई से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। वी.वी. राज. स्ना. महा.,जालोर के प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने बताया कि विद्यार्थियों का अगली कक्षा में प्रवेश पूर्णतया अस्थाई है तथा राज्य सरकार द्वारा प्रवेश सम्बन्धी लिये गये निर्णयों के अध्याधीन रहेगा।

### चन्द्रपालसिंह संयोजक बने

**फालना**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के निर्देशानुसार जिला संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बलावत के सानिध्य में जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने जिला खेल प्रकोष्ठ के संयोजक चंद्रपाल सिंह सोनीगरा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संयोजक सोनीगरा ने कहा कि मैं मेरा काम पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं खेलों के शीर्ष स्तर पर पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर बधाई देने वाले में बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, जिला उपप्रमुख जगदीश चौधरी, जिला सीएलजी सदस्य एवं समाजसेवी अमित मेहता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री जितेंद्र सिद्धावत, मुंडारा भाजपा मंडल अध्यक्ष शक्ति सिंह श्रीशैला, बाली मंडल अध्यक्ष जगदीश परिहार, श्याम सिंह जोधा,भरत त्रिवेदी,देवेंद्र सिद्धावत सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सिंह को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### पर्यटन गाइड समिति की बैठक

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में पर्यटन के विकास एवं प्रशिक्षण के लिए चयन किये जा रहे स्थानीय व राज्य स्तरीय गाइड की परीक्षा के संबंध में सोमवार को जिला कलैक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में परीक्षा आयोजन एवं जिले में पर्यटन विकास, जालोर दुर्ग में किये जा रहे जीर्णोद्वार एवं मरम्मत के लिए किये जा रहे कार्यों एवं टूरिस्ट मैप तैयार करवारकर जिले के महत्वपूर्ण स्थलों पर इनके प्रदर्शन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक सुमिता मीणा, अधीक्षक संग्रहालय वृत जोधपुर इमरान अली एवं समिति के मनोनीत सदस्य महिपाल सिंह उपस्थित रहे।

## मुनि तत्त्वरूचि का तेरापंथ भवन में मंगल प्रवेश

**पाली**, (नि.सं.)। आचार्य महाश्रमण म.सा. के शिष्य मुनि तत्त्वरूचि तरुण म.सा. एवं मुनि संभवकुमार ने सकल तेरापंथ समाज के साथ रैली के रूप में विहार कर मंडिया रोड स्थित तेरापंथ भवन में चातुर्मासिक प्रवेश किया।

तेरापंथ सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सालेचा कावेरी ने बताया कि मुनि की अगवानी के लिए समाज के श्रावक-श्राविकाऐं धार्मिक गीतों एवं उद्घोषों की गूंज के साथ अपनी गणवेश में भिक्षु साधना केंद्र महावीर नगर से रैली के रूप में मुनि के साथ रहे। मुनि ने नेहरू नगर, तिलक नगर, महाराणा प्रताप चैक, पुराना बस स्टेंड, उदयपुरिया बाजार, जंगीवाड़ा से विहार करते हुए तेरापंथ भवन में प्रवेश किया। मुनि ने ज्ञान, ध्यान, स्वाध्याय, साधना, त्याग और तपस्या से चातुर्मास को अध्यात्म का उत्सव बनाने की प्रेरणा दी। मुनि संभवकुमार ने कहा कि संत संयम-साधना की अखंड ज्योत और त्याग पथ के पथिक होते हैं, अत: स्वागत भी साधना और त्याग से होना चाहिए। सुरेंद्र कावेरी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

मानव सेवा समिति से अमरचंद बोहरा, स्थानकवासी समाज से केवलचन्द कवाड़, महिला मंडल से ऊषा मरलेचा, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम से प्रांजुल गोगड़, तेरापंथ युवक परिषद से राजेश मरलेचा, कन्या मंडल से अंतिमा वडेरा, अणुव्रत समिति से प्रियंका चौपड़ा आदि मौजूद रहे।

## सिवाना में रिमझिम बारिश



सिवाना के गांधी चौक पर पानी भरा होने से राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। फोटो-राष्ट्रदूत

**सिवाना**, (निसं)। बाड़मेर जिले के सिवाना गत दिनों से भयंकर गर्मी व उमस ने आमजन को बेहाल कर दिया है। उमस के कारण ग्रामीणों का सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लंबे समय से मानसून का इंतजार कर रहे लोगों को सोमवार को झमाझम बारिश से मौसम सुहावना बन गया।

गत दिनों प्री मानसून के दौरान हुई बारिश के बाद किसान खेत खलिहानो में जुटे हुए हैं। वही फसल बुवाई के बाद बेसब्री से अच्छी बारिश की बाट जो रहे हैं। वही सोमवार को अल सुबह से ही भयंकर उमस के कारण ग्रामीणों का बुरा हाल हो गया। शरीर से पसीने की बूंदे बहती हुई नजर आई। व आसमान में बादल मंडराने लग गए। सोमवार को दोपहर लगभग 2.30 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। लगभग बीस मिनट तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। हालांकि कुछ मिनटों तक ही बारिश होने से झमाझम बारिश की आस लगाए बैठे ग्रामीणों में निराशा छा गई। बारिश के बाद आसमान में बादल मंडराते रहे।

सिवाना नगर पालिका में गांधी चौक स्थल पर हल्की बारिश होते ही निकासी के अभाव में बारिश के पानी भराव होने से पैदल राहगीरों व वाहन चालकों के लिए आवागमन करना मुश्किल हो रहा है।

मुख्य मार्ग पर पानी पड़ा होने के कारण तेज वाहन निकलने से पैदल राहगीरों पर गंदा पानी उछल जाता है। जिसके कारण आम राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लंबे समय से गांधी चौक स्थल पर हल्की बारिश के दौरान भी बारिश के पानी का भराव होने से ग्रामीणों के लिए आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर कस्बे के समीपवर्ती करोटी गांव के बाहर स्थित टोल प्लाजा के पास में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई।

युवक को एम्बुलेंस में रेवदर के राजकीय अस्पताल लाया गया जहाँ पर मृत घोषित किया गया। मृतक के युवक के शव को रेवदर राजकीय अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। जनकारी के अनुसार अनादरा थाना क्षेत्र के करोटी टोल प्लाजा के पास में रविवार देर रात को रामाराम अपने बाइक पर सवार होकर घर थल जा रहा था कि अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया गया। जिससें उसकी मौत हो गई।

सूचना पर रेवदर व अनादरा पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से रेवदर अस्पताल लाया गया। जहाँ पर चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिस पर पुलिस ने मृतक रामाराम कोली के शव को मोर्चरी कक्ष में रखवाया गया और परिजनों को सूचना दी। जिस पर सोमवार अल सवेरे ही परिजन सहित समाज के लोग अस्पताल पहुँचे ओर पुलिस को रिपोर्ट दी। पुलिस ने भी परिजनों की रिपोर्ट के जांच शुरू की।

हादसे में मृतक युवक रामाराम पुत्र सुरताजी जाती कोली निवासी थल की हाल ही में तीन माह पहले शादी हुई थी। वही परिजनों ने बताया की रामाराम अपने ससुराल से थल गांव घर आ रहा था। कि इतने में अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर चला गया।

### विधायक सहित समाज के लोग पहुंचे अस्पताल

वाहन की टक्कर से युवक के मौत की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक जगसीराम कोली, जिला परिषद सदस्य मोतीराम कोली, भाजपा नेता मदन सिंह थल, वकील रणजीत कोली अस्पताल पहुँचे ओर घटना को लेकर जानकारी जुटाई। साथ ही मामले की करवाई कर अज्ञात वाहन को खोज कर निकालने हेतु सख्त करवाई करने हेतु पुलिस से कहा। जैसे तैसे घटना की जानकारी फैलती गई वैसे वैसे अस्पताल में समाज के लोगो की भीड़ जुटने लगी। परिजनों के पहुँचने के बाद में परिजनों की मौजूदगी में युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

करोटी टोल प्लाजा के पास में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने के बाद में घायल युवक को घटना स्थल पर ही तड़पता छोड़ कर फरार होने पर समाज के लोग व परिजन करोटी टोल प्लाजा पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगे है। हालांकि पोस्ट मार्टम होने तक वाहन के खिलाफ सुराग नहीं लगा।

## लॉयंस क्लब अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी ने शपथ ली




पिंडवाड़ा में लॉयंस क्लब के 37 वें शपथ समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। लॉयंस क्लब पिण्डवाड़ा का सन 2022 और 2023 पद स्थापन समारोह उपरांत पाल प्रथम डॉक्टर लॉयन संजीव जैन, रीजनल प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद शर्मा, पूर्व प्रांत पाल वीके त्रिवेदी, संभागीय अध्यक्ष पहला चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रशांत जैन की मौजूदगी में लॉयंस क्लब के 37 वें शपथ समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भरत बैंदा ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों ने बैंदा के कार्यकाल में जनहित के किए गए उत्तम कार्यों की सराहना की गई। क्लब के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंदा ने कहा कि क्लब के कार्यो को नए आयाम देने की जरूरत है। इसे हमें तन मन धन से लोगों मैं भगवान मानकर सेवा करनी है। यह सभी किए गए जनहित कार्य किए गए। सफल कार्यो की प्रेरणाअपने पिताश्री राधा कृष्णन के आदर्श सिद्धांत के रास्तों पर चलते सफल हो पाए हैं। वही साथ की धर्मपत्नी की सहभागिता से इस पुनीत कार्य करने की ऊर्जा मिली जिससे कार्यकाल में ढेर सारे अवार्ड मिले हैं। वही इस अवसर पर स्वर्गीय मंसाराम लोहार कि स्मृति पर परिवार ने शहर में अंतिम यात्रा के लिए मोक्ष रथ वाहन भेंट करने पर क्लब ने परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के अरविंद शर्मा ने नए अध्यक्ष के रूप में दिनेश रावल को शपथ दिलाई। इस दौरान अध्यक्ष रावल ने जनापुर हाईवे चौराहे पर दो बीघा जमीन में वृद्धाश्रम निर्माण करने की घोषणा की। साथ ही क्लब के इन गतिविधियों को और बेहतरीन तरीके से करने का भरोसा दिलाया।

क्लब के डॉ. नूर मोहम्मद, हनीश रावल, वागेंद्र रावल, डॉ सी राम, डॉ एके चौधरी, डॉ. परमानंद टेंभूरकर, महेश दान चारण, विष्णु गुप्ता, राकेश भाई रावल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने की मांग की

**जालोर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल जोधपुर के डी.आर.यू.सी.सी. सदस्य भवानी सिंह बाकरा ने गीतिका पाण्डेय रेल प्रबंधक रेलवे मंडल जोधपुर को ज्ञापन देकर जालोर जिले के एवं अन्य जिलों के रेलवे स्टेशनो पर सुविधा बढ़ाने की बैठक में मांग रखी।

जालोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बैंच एवं छाया के लिए टीन शेड एवं डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की जिसमें बताया गया कि जालौर स्टेशन पर अधिकतम यात्री गाड़ियों शाम 6.00 बजे से लेकर सुबह 6.00० बजे तक ही चलती है । डिस्पले बोर्ड नहीं होने के कारण रात्रि में यात्रियों को अपना रेल कोच को ढूंढने में काफी परेशानी होती है । उन्होंने जालोर रेलवे स्टेशन पर आरओ प्लांट लगाने की भी मांग की। जिससें यात्रियों को शुद्ध पीने को पानी मिल सके।

उन्होंने बंद गार्ड लेस क्रॉसिंग पर जनता की मांग हो वहां अंडर पास बनाये जाए। मोकलसर रेलवे स्टेशन एनएस.जी. हाय कैटेगरी राजस्व देने वाला स्टेशन है जहां पर डिजिटल वॉच एवं यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल, रोशनी, बैंच लगाने की आवश्यकता है।

महेश नगर स्टेशन के प्लेटफार्म पर रोशनी की समुचित व्यवस्था करने की भी मांग की। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना कियोस्क योजना में जालोर स्टेशन पर मोजड़ी फुटवेयर आइटम के साथ विश्व प्रसिद्ध लेटा के खेसला को भी शामिल करने की मांग की हैं। बाकरा रोड रेलवे स्टेशन पर सभी यात्री गाड़ियों के ठहराव की भी मांग की है।

## पुलिस कनिष्ठ सहायक ने 14 वीं बार रक्त दिया



जालोर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कनिष्ठ सहायक प्रेमसिंह ने एक प्रसूता के लिए रक्तदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक प्रेमसिंह ने 14 वी बार रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई।

जालोर के निकट गोदाम निवासी कांतिलाल मेघवाल अपनी पत्नी विमला देवी के डिलेवरी होने पर जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर द्वारा जांच करने पर हीमोग्लोबिन चार पॉइंट बताया गया और रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव की आवश्यकता बताई।

बी नेगेटिव ब्लड के लिए राजकीय चिकित्सालय जालोर पहुंचने पर उक्त रक्त नही मिलने पर परिवार में किसी का सहयोग न मिलने से कांतिलाल मजबूर हो गए।

तभी ब्लड बैंक ड्यूटी अधिकारी चिरंजीव व्यास ने उन्हें जालोर ब्लड डोनर ग्रुप के संरक्षक नितेश भटनागर के नम्बर दिए। नितेश भटनागर तुरन्त केस को संज्ञान में लेते हुए अपने डोनर्स को फोन लगाना शुरू किया और जालोर एस. पी.ऑफिस में कार्यरत कनिष्ठ सहायक प्रेम सिंह पुत्र सोहन सिंह को फोन किया।

उन्होंने तुरंत मानवता दिखते हुए जालोर सरकारी ब्लड बैंक आकर रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई। इसी के साथ दो यूनिट की ओर व्यवस्था करवाई। जिसमें द्वितीय रक्तमित्र देवेंद्र गेहलोत पुत्र अशोक गहलोत जालोर एवं तृतीय रक्तमित्र वेलाराम पुत्र मीठाराम बिछावाडी ने रक्तदान कर डिलीवरी पेसेंट की सहायता की।